राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल ने गोविन्ददेवजी मंदिर में पूजा अर्चना की

प्रदेश की खुशहाली की कामना की

—

जयपुर, 22 सितम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र और प्रदेश की प्रथम महिला श्रीमती सत्यवती मिश्र ने रविवार को प्रातः जयपुर के आराध्य श्री गोविन्ददेवजी मंदिर में पूजा अर्चना की राज्यपाल श्री मिश्र ने प्रदेश की समृद्धि और खुशहाली की कामना की है।

राज्यपाल से लोगों की मुलाकात

जयपुर, 22 सितम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से रविवार को यहां राजभवन में पूर्व लोकायुक्त श्री एस.एस. कोठारी ने मुलाकात की इस मौके पर लोकायुक्त सचिवालय के प्रमुख सचिव श्री पदम चन्द जैन मौजूद थे।

राज्यपाल से राजस्थान लोक सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष श्री बी.एम. शर्मा, पूर्व सैनिक संघ जयपुर जिले के सरक्षक, श्री अर्जुन सिंह राठौड़, किसान महापंचायत के प्रदेशाध्यक्ष श्री रामेश्वर प्रसाद चौघरी, कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति श्री कैलाश चन्द्र शर्मा, डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय के कुलपति श्री अभिमन्यु कुमार, अजमेर दरगाह शरीफ के खादिम श्री सैयद फखर काजमी चिश्ती, राजस्थान हाई कोर्ट बार एसोशिएसन के अध्यक्ष श्री अनिल उपमन और वार्ष्णेय समाज के एक प्रतिनिधि मंडल ने राज्यपाल श्री मिश्र से मुलाकात की।

अन्नकूट महोत्सव का निमंत्रण

जयपुर, 22 सितम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से रविवार को यहां राजभवन में स्वामी नारायण अक्षर धाम मंदिर के मूनि श्री वत्सल्य स्वामी व अक्षर प्रेम स्वामी ने जयपुर में होने वाले अन्नकूट महोत्सव में सम्मलित होने का निमंत्रण दिया।

राज्यपाल सोमवार को उत्तर प्रदेश जायेंगे

जयपुर, 22 सितम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र सोमवार को उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस में भाग लेंगे।

राज्यपाल श्री मिश्र प्रातः 9:00 राजभवन, जयपुर से रवाना होंगे।

———

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहायक निदेशक (जनसम्पर्क), राज्यपाल